भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3347
28 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

डीएसपी और आईआईएससीओ स्टील प्लांट की आधुनिकीकरण परियोजनाएं

3347 श्री सामिक भट्टाचार्य:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) और भारतीय लौह एवं इस्पात कंपनी (आईआईएससीओ) की आधुनिकीकरण परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और कार्यान्वयन में देरी के क्या कारण हैं;

(ख) क्या डीएसपी में देरी का कारण अतिक्रमणकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा करना है, और प्रभावित समुदायों के साथ बातचीत और पुनर्वास पैकेजों की मांगों को संबोधित करने सहित इस मुद्दे को हल करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) आधुनिकीकरण परियोजनाओं के लिए आवश्यक कुल भूमि का क्षेत्रफल और भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों में दुर्गापुर इस्पात संयंत्र और आईआईएससीओ में स्थायी और संविदा कर्मचारियों की संख्या वर्ष-वार कितनी है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) और इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) की आधुनिकीकरण परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है : -

परियोजना	वर्तमान स्थिति
इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी)	अधिप्राप्ति सेवाओं के लिए विस्तार हेतु परामर्शदाता नियुक्त किया गया है और निविदा प्रक्रिया शुरू की गयी है
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी)	**ब्राउनफील्ड क्षमता विस्तार:** समग्र परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (सीपीएफआर) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है और विस्तार पैकेजों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। **ग्रीनफील्ड विस्तार:** परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) प्रस्तुत की गई है जिसका मूल्यांकन किया जा रहा है।

दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) का ब्राउनफील्ड विस्तार मौजूदा संयंत्र परिधि के भीतर ही नियोजित किया गया है। डीएसपी के ग्रीनफील्ड विस्तार के लिए 1356 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जो कि उपलब्ध है। इस्को बर्नपुर के आधुनिकीकरण विस्तार के लिए आवश्यक निर्धारित भूमि सेल के आधिपत्य में है।

जारी.......2/

(घ): विगत तीन वर्षों में दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) और इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) में स्थायी कार्मिकों की वर्षवार संख्या नीचे दी गई है:-

वर्ष	**डीएसपी**	**आईएसपी**
01.01.2023	7965	5192
01.01.2024	7632	4952
01.01.2025	7274	4810

संविदागत श्रमिकों को विभिन्न कार्यों संविदाओं के निष्पादन के लिए ठेकेदारों द्वारा नियोजित/ तैनात किया जाता है।

*****